नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृतांत

अप्रैल – जून 2024




सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः


https://www.twitter.com/svhmuk
https://www.facebook.com/svhmu
https://www.svhmuk.in
svhmuk@gmail.com


"पवित्रता, धैर्य और उद्यम–
ये तीनों गुण मैं एक साथ चाहता हूँ।"
-स्वामी विवेकानन्द

# संपादक की कलम से

यह तिमाही स्वामी विवेकानन्द चैरिटेबल हॉस्पिटल, धर्मावाला के लिए एक ऐसी उत्कृष्ट उपलब्धि लेकर आया जिसकी परिकल्पना 12 वर्ष पूर्व इसी हॉस्पिटल के एक रूम की क्लिनिक को देखकर शायद ही किसी ने की होगी। उस छोटी सी क्लिनिक ने एक अत्यंत कठिन व श्रमसाध्य सेवा यात्रा तय करते हुए 26 मई 2024 को एक भव्य मल्टी व सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का रूप ले लिया और धर्मावाला के आस-पास के दुर्गम, पहाड़ी, अगम्य और जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों के लिए कई नवीन अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बन गया। कुछ मुख्य नवीन सेवाएं हैं डायलिसिस यूनिट, आई सी यू, नवीन आपातकालीन ब्लॉक, एकीकृत नेत्र विभाग, प्राइवेट, सेमी प्राइवेट व जनरल वार्ड इत्यादि।

इस उपलब्धि पर हमारा मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन करने असंख्य गणमान्यजन और परहितकारी जन पहुंचे जिनमे प्रमुख थे "द हंस फाउंडेशन" से पूज्य माता श्री मंगला जी व श्री भोले जी महाराज और RSS के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल जी।

सोसाइटी ने निर्माणाधीन केशव माधव चिकित्सालय वृन्दावन में भी अपनी कुछ सेवाएं 12 जून से प्रारंभ कर दी जिनमें मुख्य हैं जनरल ओ पी डी व हर रविवार को मल्टी स्पेशिलिटी शिविर जिसमें सोसाइटी से जुड़े स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अपनी सेवाएं स्वेच्छा से अर्पित कर रहे हैं। 400 शैय्या वाले इस आधुनिक चिकित्सालय का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है।

चार धाम यात्रा शुरू होते ही हमारे सभी पूर्णत: नि:शुल्क धाम चिकित्सालयों ने पुन: अपनी सेवा-सुश्रूषा अनवरत प्रारंभ कर दी और यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सतत सेवारत हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत भर से बहुत सारे डॉक्टर्स निस्वार्थ भाव से हमारे इन चिकित्सालयों में अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देकर हमें कृतार्थ कर रहे हैं।

चिकित्सालयों के विस्तार की ओर अपने पग बढ़ाते हुए श्री केदारनाथ धाम में सोसाइटी के नए चिकित्सालय का निर्माण कार्य अग्रसर है व इसी क्रम में श्री बद्रीनाथ धाम व पीपलकोटी में भी इस दिशा में सोसाइटी प्रगतिपथ पर है और वहां भी शीघ्र कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

तिमाही के त्योहारों व अन्य आयोजनों में सभी स्टाफ ने पूर्ण उत्साह व उमंग से भाग लिया और साहचर्य एवं बन्धुत्व का अनुभव किया। इस तिमाही के मुख्य आयोजन रहे हिन्दू नव वर्ष, हिन्दू साम्राज्य दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इत्यादि। सोसाइटी के चिकित्सालयों के सभी स्टाफ ने लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव यानी 18वीं लोकसभा के चुनाव में मतदान किया और अपना राष्ट्र धर्म पूरी निष्ठा से निभाया।

सोसाइटी अपनी इस सेवा यात्रा में आप सभी के सहयोग के लिए सर्वदा ऋणी रहेगी और आश्वस्त है की आप सभी का सहयोग और समर्थन हमें सदैव प्राप्त होता रहेगा क्योंकि अभी कई वचन निभाने हैं, कितने संकल्प अभी शेष हैं और बहुत सारे लक्ष्य अभी साधने हैं!

**उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।**

## अनुक्रमणिका


03
हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय

04-10
तिमाही विशेष

11-12
चार धाम चिकित्सालय आलेख

13
सामुदायिक चिकित्सा शिविर

14
सामुदायिक कार्यक्रम

15-17
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

18
समारोहों की झलकियाँ

19
आंकड़े



**संपादकीय एवं रूपांकन टोली**
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. दीपक सिन्हा

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय



**धर्मावाला**
सितम्बर 2012



**उत्तरकाशी**
दिसम्बर 2016



**नारायणकोटी**
मई 2017



**बड़कोट**
सितम्बर 2017



**पीपलकोटी**
जनवरी 2018



**श्री बद्रीनाथ धाम**
मई 2019



**पेटशाल**
जुलाई 2019



**श्री केदारनाथ धाम**
सितम्बर 2019



**हरिद्वार**
जनवरी 2021



**गंगोत्री धाम**
सितम्बर 2021



**डुमेट**
दिसम्बर 2021



**दिल्ली**
सितम्बर 2022



**फिरोजाबाद**
फरवरी 2024



**वृन्दावन**
जून 2024

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगों के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स-रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24X7 कार्यरत हैं और इनमें कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमें प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में नि:शुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 14 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# 26 मईः धर्मावाला चिकित्सालय के नवीन ब्लाक का लोकार्पण समारोह

नवीन ब्लाक के लोकार्पण में अपना आशीर्वाद देने पहुँचे "द हंस फाउंडेशन" से पूज्य माता श्री मंगला जी व श्री भोले जी महाराज, RSS के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल जी, सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ राकेश त्यागी, सोसाइटी से जुड़े सदस्यगण व अनेक डॉक्टर्स, परहितकारी जन, स्थानीय जन व चिकित्सालय स्टाफ और उनके स्वजन।

इस नवीन ब्लॉक के प्रारंभ होने से निम्नलिखित नई सुविधाएं चिकित्सालय में उपलब्ध हो गयी हैं:–

- डायलिसिस यूनिट
- आई सी यू
- नवीन आपातकालीन ब्लॉक
- एकीकृत नेत्र विभाग
- चार मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
- एंडोस्कोपी यूनिट
- विस्तारित ओपीडी
- वार्ड: प्राइवेट, सेमी प्राइवेट व जनरल
- कार्यालय ब्लॉक
- आवासीय ब्लॉक

लोकार्पण समारोह के पावन दिन की शुरुआत हवन पूजन के साथ हुई जिसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इसके उपरांत सभी के द्वारा नवीन ब्लॉक का भ्रमण किया गया और नूतन सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी व साथ ही उनके करकमलों द्वारा विभिन्न विभागों का भी लघु लोकार्पण किया गया।

इस पुनीत अवसर पर चिकित्सालय में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा उनके सीएसआर नीति के अंतर्गत दिए गए सहयोग और संसाधनों का भी लोकार्पण किया गया। इनमे निम्मलिखित संस्थाओं व परहितकारी जनों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया।

- विकासनगर देहरादून से श्रीमती कौशल्या देवी जैन एवं श्री हरीश चन्द्र जैन – के द्वारा डायलिसिस यूनिट।
- पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड – के द्वारा नवीन ब्लाक का भूतल निर्माण ।
- एल आई सी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड – के द्वारा नेत्र विभाग हेतु समस्त उपकरण ।
- दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड – के द्वारा एंडोस्कोपी और यूरोलॉजी हेतु उपकरण।
- वाघ बकरी फाउंडेशन – के द्वारा ऑपरेशन थिएटर हेतु उपकरण।



नवीन ब्लॉक धर्मावाला चिकित्सालय



हवन से साथ शुभारम्भ



अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन



नेत्र रोग विभाग का लोकार्पण

इसके पश्चात हुए मंचीय कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व मंत्रोच्चारण के साथ हुआ, जिसके बाद सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत व सम्मान धर्मावाला चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक डॉ प्रमोद शर्मा व अन्य डॉक्टर्स के द्वारा किया गया। इसके पश्चात सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल व डॉ ताराश्री सिंघल द्वारा धर्मावाला चिकित्सालय की एक कमरे के छोटे से धर्मार्थ क्लिनिक से प्रारंभ हो आज सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सालय तक की दुर्बोध यात्रा का एक सुन्दर वृत्तान्त प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अगले भाग में धर्मावाला चिकित्सालय के 5 स्टाफ को उनके अनुपम कार्यो के लिए सम्मानित और पुरस्कृत किया गया, इनमे थे डॉ रविन्द्र बिष्ट, डॉ हरीश पंवार, अमित गुप्ता, नरेन्द्र कुमार और सोनिया। इसके पश्चात पूज्य माता श्री मंगला जी व डॉ कृष्ण गोपाल जी ने अपने आशीर्वचनों ने सभी को अनुगृहीत किया व तत्पश्चात दोपहर भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण



भूतल ब्लॉक का लोकार्पण

## 12 जून: केशव माधव चिकित्सालय वृन्दावन में नियमित ओ पी डी की शुरुआत

सोसाइटी द्वारा निर्माणाधीन केशव माधव चिकित्सालय, वृन्दावन में नियमित ओ पी डी की शुरुआत 12 जून को पूरे विधि विधान के साथ सभी की पावन उपस्थिति में एक सौम्य उद्‌घाटन समारोह के साथ हुई। समारोह में अपना आशीर्वाद देने पहुंचे संत प्रवर व राम कथा वाचक पूज्य श्री विजय कौशल जी महाराज, अक्षय पात्र से पूज्य स्वामी अनंत वीर दास जी, RSS के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल जी, जी एल ए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल जी, माइक्रोटेक कंपनी के सीएमडी श्री सुबोध गुप्ता जी, स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के समिति के सदस्य व अन्य कई गणमान्यजन और अतिथि। नियमित ओ पी डी के अतिरिक्त जब तक चिकित्सालय निर्माणाधीन है तब तक माह के प्रत्येक रविवार को सोसाइटी से जुड़े हुए निम्नलिखित 4 मेडिकल कॉलेजों से सम्बंधित डॉक्टर्स चिकित्सालय के प्रांगण में धर्मार्थ सुपर स्पेशिलिटी शिविर लगाकर अपनी अमूल्य सेवाएं देते रहेगें।

ये चार मेडिकल कॉलेज हैं:–

- एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा
- के डी मेडिकल कॉलेज, मथुरा
- जी एस मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हापुड़
- गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ग्रेटर नोएडा

वर्तमान में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है:–

- जनरल ओ पी डी
- रविवारीय सुपर स्पेशलिटी शिविर
- डिजिटल एक्स–रे
- लैब की जांचें



हवन के साथ शुभारम्भ



अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन




सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ राकेश त्यागी सभा को सम्बोधित करते हुए

# नियमित स्पाइन सर्जरी शिविरः द स्पाइन फाउंडेशन (मुंबई) व होप फाउंडेशन (देहरादून) के सहयोग से आयोजित हुआ

## और

## श्रीमती प्रेमलता वांद्रावन शाह चैरिटीज, मुंबई एवं रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन के सौजन्य से सी–आर्म मशीन चिकित्सालय को दान स्वरूप प्राप्त हुआ

8 जून, धर्मावाला: द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई एवं होप फाउंडेशन, देहरादून के सहयोग से स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला में वर्ष में दो बार आयोजित होने वाला यह शिविर इस तिमाही में 8 जून को सफलतापूर्वक संपादित हुआ। शिविर में कुल 12 जटिल स्पाइन सर्जरी, द स्पाइन फाउंडेशन के ट्रस्टी व वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. शेखर वाई. भोजराज एवं 9 स्पाइन सर्जनस की उनकी टीम द्वारा संपन्न हुई। इनके अतिरिक्त उनकी टीम में 2 एनेस्थेटिस्ट, 4 ओ टी असिस्टेंट, 2 प्रोजेक्ट टीम के सदस्य और 2 मीडिया टीम के सदस्य सम्मिलित रहे। इन 12 ऑपरेशनों में से आर्थिक रूप से अशक्त 4 रोगियों की सर्जरी का संपूर्ण व्यय होप फाउंडेशन के सहयोग से नि:शुल्क किया गया। स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी डॉ सतीश अग्रवाल व होप फाउंडेशन का सहृदय आभार व्यक्त करती है।

इसी दिन मुंबई स्थित श्रीमती प्रेमलता वांद्रावन शाह चैरिटीज एवं रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन के सौजन्य से व द स्पाइन फाउंडेशन के माध्यम व सहयोग के फलस्वरूप धर्मावाला चिकित्सालय को सीमेंस कंपनी निर्मित एक आधुनिक सी–आर्म मशीन उपलब्ध करायी गयी। सोसाइटी हृदय से इन सभी का आभार व्यक्त करती है।

चिकित्सालय द्वारा आयोजित स्वागत आभार कार्यक्रम में सभी अतिथियों का सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल द्वारा परिचय व स्वागत किया गया। पधारे हुए गणमान्य जनों में श्रीमती प्रेमलता वांद्रावन शाह चैरिटीज, मुंबई के प्रोजेक्ट एडवाइजर के श्री दिलीप शाह एवं रोहित शाह, रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन के अध्यक्ष श्रीमती वन्दना मेहता, द स्पाइन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. शेखर वाई. भोजराज, होप फाउंडेशन के डॉ. सतीश अग्रवाल और रोटरी क्लब देहरादून सेंट्रल के अध्यक्ष श्री जगत भूषण बत्रा ने अपने अपने आशीर्वचनों से सभा को सम्बोधित कर सोसाइटी के कार्यों की प्रशंसा भी करी। आगे भी ऐसे ही सहयोग के लिए आशा व्यक्त की गई। इस समारोह में धर्मावाला चिकित्सालय के अन्य डॉक्टर भी उपस्थित रहे।



स्पाइन सर्जरी




सी–आर्म मशीन




मंचासीन मुख्य अतिथिगण



ग्रुप फोटो

# 11 अप्रैल: एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम का ग्राम स्तरीय उद्घाटन

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी उत्तराखण्ड जलविद्युत निगम लिमिटेड (UJVN Limited) के सौजन्य से एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम देहरादून के जनजातीय बहुल 6 ग्राम पंचायतों के 14 ग्रामों में गत अक्टूबर माह से चला रही है।

इसी क्रम में दिनाँक 11 अप्रैल 2024 को अगले ग्राम स्तरीय चरण की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ ग्राम मेहूवाला में की गई। इस उद्घाटन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मेहूवाला की ग्राम प्रधान श्रीमती सपना चौधरी जी, अजय शर्मा जी, गोविन्द जी, ग्रामवासी व धर्मावाला चिकित्सालय से डॉ. दीपक, एनीमिया कार्यक्रम की टीम के कुलदीप, ज्योति, सुरेश, शिवानी और ऊषा एवं वनवासी कल्याण आश्रम की संचालिकाएं अंजू चौहान, नीता वर्मा, खुशी वर्मा व अल्पना नेगी आदि लोग उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान जी एवं गांव के सक्रिय व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। एनीमिया कार्यक्रम के अंतर्गत बाल रोग लाभार्थियों हेतु कुल 6 नि:शुल्क शिविर आयोजित हुए जिनमें 158 बाल रोगियो की जांच की गई व दवाईयों वितरित की गई। इन लाभार्थियों में गंभीर (severe) रूप से एनीमिक बाल रोगियों का उपचार सोसाइटी के धर्मावाला चिकित्सालय में नि:शुल्क किया गया।



ग्राम मेहूवाला में उद्घाटन



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कीर्ति द्वारा बच्चों की जांच

# 16 जून उत्तरकाशी: पूर्ण विद्या ट्रस्ट तपस्यायलम, नेताला द्वारा सहयोग

पूर्ण विद्या ट्रस्ट, तपस्यायलम, नेताला, उत्तरकाशी की पूज्य स्वामिनी प्रमानंदा जी (अम्मा जी) द्वारा SVHM सोसाइटी के श्री महर्षि भृगु धर्मार्थ चिकित्सालय, उजेली उत्तरकाशी को एक मेडिकल वैन सप्रेम भेंट दान स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल, उत्तरकाशी चिकित्सालय के डॉ एस सी गुप्ता व अन्य चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अन्य गणमान्य जनों में श्री राकेश उनियाल एवं अन्य अतिथिगणों ने उपस्थित रहकर समारोह की शोभा बढ़ाई।

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी परिवार पूर्ण विद्या ट्रस्ट, तपस्यायलम, नेताला, उत्तरकाशी एवं पूज्य स्वामिनी प्रमानंदा जी (अम्मा जी) का सहृदय आभार व्यक्त करता है। इस मेडिकल वैन से उत्तरकाशी चिकित्सालय के आस-पास के क्षेत्रों के रोगियों के संदर्भन में सुविधा हो जाएगी व चिकित्सालय का रेफरल सिस्टम भी सुदृढ़ हो जाएगा।




पूज्य स्वामिनी प्रमानंदा जी (अम्मा जी) मेडिकल वैन के साथ



अम्मा जी द्वारा वैन की चाबी मिलती हुई

# 7 अप्रैल: उत्तरकाशी चिकित्सालय का प्रथम वार्षिकोत्सव



**हवन के साथ शुभारंभ**




**मंचासीन मुख्य अतिथिगण**



**डॉ नकुल सभा को संबोधित करते हुए**



**उत्तरकाशी चिकित्सालय की टीम**

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित श्री महर्षि भृगु धर्मार्थ चिकित्सालय, उजेली उत्तरकाशी का प्रथम वार्षिकोत्सव पूरे हर्ष व उल्लास से मनाया गया।

उत्सव का शुभारंभ हवन से किया गया, तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें संस्कृत महाविद्यालय, उत्तरकाशी के विद्यार्थियों द्वारा स्वास्तिक वचन और चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

समारोह में स्वामिनी प्रमानंदा जी और स्वामी विष्णु तीर्थ जी, स्वामी मनीषानंद जी, सीएमओ उत्तरकाशी डॉ बी एस रावत, सीएमएस जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी डॉ पी एस पोखरियाल, एसीएमओ उत्तरकाशी डॉ के राणा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ ताराश्री सिंघल, डॉ नकुल उपाध्याय, डॉ पंकज शर्मा, स्थानीय साधु संत समाज व चिकित्सालय के सभी स्टाफ भी उपस्थित रहे। स्वामिनी प्रमानंदा जी और स्वामी विष्णु तीर्थ जी ने अपने आशीर्वचनों से हमें कृतार्थ किया।

# धर्मावाला: मासिक गठिया बाय रोग (Rheumatology) ओ पी डी की शुरुआत

सोसाइटी स्वास्थ्य सेवाओं के विविधिकरण और विस्तारीकरण के लिए सतत प्रयत्नशील है और इसी क्रम में एक और उपलब्धि प्राप्त हुई जब धर्मावाला चिकित्सालय में गठिया बाय रोग ओ पी डी की शुरुआत हो गयी जिसमें उत्तर भारत के प्रख्यात गठिया बाय रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल. सी. ने अपनी सेवाएं प्रदान करी और धर्मावाला चिकित्सालय एक और सुपर स्पेशिलिटी सेवा से सुसज्जित हो गया। इस शिविर का कुल 29 लोगों ने लाभ उठाया। धर्मावाला चिकित्सालय में ये सुविधा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को उपलब्ध रहेगी।



**डॉ निखिल. सी.** (DM, Rheumatology), **गठिया बाय रोग विशेषज्ञ**

# नारायणकोटी एवं पेटशाल चिकित्सालयों में सर्जरी शिविरों का सफल आयोजन कुल सर्जरी: 21



पेटशाल 5 मई



नारायणकोटी 25 अप्रैल और 28 जून

# 12 मई हरिद्वार: रक्त दान शिविर

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित हरिद्वार चिकित्सालय व मां गंगे ब्लड बैंक जगजीतपुर, हरिद्वार के द्वारा आयोजित इस स्वैच्छिक रक्त दान शिविर में कुल 37 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। मां गंगे ब्लड बैंक के मैनेजर श्री संदीप गोस्वामी जी ने कहा की चिकित्सालय को किसी भी वक्त अगर रक्त की आवश्यकता होगी तो उनका ब्लड बैंक इसके लिए सदैव तत्पर रहेगा व आर्थिक रूप से अशक्त रोगियों के लिए नि:शुल्क रक्त उपलब्ध करायेगा। इस अवसर पर हरिद्वार चिकित्सालय से डॉ संजय शाह व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



हरिद्वार रक्तदान शिविर

# दिल्ली: लिवर फाइब्रोस्कैन शिविर

20 मई व 20 जून



लिवर फाइब्रोस्कैन, दिल्ली

लिवर फाइब्रोस्कैन शिविरों में कुल 41 रोगियों का फाइब्रोस्कैन किया गया। लिवर फाइब्रोस्कैन, जिसे इलास्टोग्राफी या लिवर स्कैन के नाम से भी जाना जाता है, एक अल्ट्रासाउंड है जो लिवर की सूजन को मापता है।

# दिल्ली: विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का योगदान

6 मई



पोर्टेबल नैनो एक्स रे मशीन और फिजियोडिस्पेंसर का उद्घाटन, दिल्ली

दन्त विभाग दिल्ली चिकित्सालय को विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से एक पोर्टेबल नैनो एक्स –रे मशीन, फिजियोडिस्पेंसर, दवाइयां व एक स्प्लिट एसी प्राप्त हुए। सोसाइटी हृदय से विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद करती है।

# धर्मावाला : पाक्षिक यूरोलोजी शिविर

धर्मावाला: हर माह के दूसरे व अंतिम रविवार को धर्मावाला चिकित्सालय में यूरोलोजी का शिविर लगाया जाता है जिनमें दिल्ली/आगरा व अन्य जगहों से प्रख्यात यूरोलोजिस्ट्स की टीम अपनी सेवाएं देने हेतु आते हैं और हमें अनुगृहित करते हैं।

इस तिमाही मे यूरोलॉजिस्ट की टीम द्वारा कुल 81 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इनमे कई जटिल व आधुनिक प्रक्रियाएं थी जो की कुछ ही बड़े हॉस्पिटल्स में होती हैं एवं उनका व्यय भी अत्यधिक होता है व निम्न आय वर्ग की पहुँच से परे होता है। ऐसे निम्न आय वर्ग के रोगियों के लिए इस शिविर में सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं।



यूरोलोजी शिविर

# प्रवास विशेष

**4 जून पेटशाल:** प्रोफेसर डॉ अश्विनी टंडन, एसोसिएट डीन (Academic) व प्रो. पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन, एम्स भोपाल व राष्ट्रीय सचिव, नेशनल मेडिकोज आॅर्गेनाइजेशन (एन एम ओ) व उनकी धर्मपत्नी एडिशनल प्रोफेसर डॉ रेखा सिंह, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, एम्स भोपाल ने चिकित्सालय का भ्रमण किया और सुविधाओं के बारे में जाना। सोसाइटी के कार्यों से दोनों अतिथि काफी प्रभावित हुए और किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करी।



**12 मई श्री बद्रीनाथ धाम:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख माननीय श्री राम लाल जी ने चिकित्सालय का भ्रमण किया, दी जा रही नि:शुल्क सुविधाओं के बारे में विस्तार से जाना और किए जा रहे सेवा कार्यो की हार्दिक प्रशंसा करी। इस अवसर पर सोसाइटी से जुड़े कई चिकित्सकगण व सोसाइटी के सदस्यगण, श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के डॉक्टर्स व स्टाफ इत्यादि उपस्थित रहे।



# चार धाम चिकित्सालय आलेख

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोसाइटी द्वारा संचालित तीनों धाम चिकित्सालयों के खुलने के अवसर पर विधिपूर्वक हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे चिकित्सालय के डॉक्टर्स के अतिरिक्त वॉलिंटियर डॉक्टर्स, कई गणमान्य अतिथियों व स्थानीय जनों ने श्रद्धा से भाग लिया।



## श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालयः 10 मई

श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के खुलने पर हवन पूजन का कार्यक्रम 10 मई को आयोजित किया गया जिसमें एम्स दिल्ली से वॉलिंटियर डॉक्टर्स, डॉ संजय सिंह व डॉ विनय कुमार, अपोलो से सुधा जी व श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय से डॉ सुशील यादव व अन्य सभी स्टाफ उपस्थित रहे और हवन पूजन में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। पूजन के बाद चिकित्सालय रोगियों की सेवा के लिए प्रारम्भ हो गया।



## गंगोत्री धाम चिकित्सालयः 10 मई

गंगोत्री धाम चिकित्सालय के खुलने पर हवन पूजन का कार्यक्रम 10 मई को आयोजित किया गया जिसमें पुरोहित पूज्य श्री राघव सेमवाल जी, सुप्रसिद्ध लोक गायक श्री रजनीकांत सेमवाल जी, वॉलिंटियर डॉक्टर्स डॉ संजीव, डॉ शिवम व डॉ योगेंद्र तथा चिकित्सालय से डॉ सचिन भण्डारी, डॉ शुभम सेमवाल, अरविन्द जी, सरदार सिंह जी सहित अन्य समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए।



## श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालयः 12 मई

श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के खुलने पर हवन पूजन का कार्यक्रम 12 मई को आयोजित किया गया जिसमें संस्था के सचिव डॉ अनुज सिंघल, डॉ ताराश्री सिंघल , कर्नल प्रोफ. डॉ शैलेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ राजन, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ नीतू व श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय से डॉ मुकेश उनियाल व अन्य समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए। पूजन के बाद चिकित्सालय रोगियों की सेवा के लिए प्रारम्भ हो गया।



## श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर परिसर में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का शुभारम्भः 12 मई

कैम्प का शुभारम्भ दिनांक 12 मई को वॉलिंटियर डॉक्टर्स, कर्नल प्रोफ. डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ वी जगदीश व डॉ शिवम तिवारी, सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल व डॉ ताराश्री सिंघल, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ राजन, के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अन्य अतिथिगण एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे। मन्दिर परिसर में स्थित इस कैम्प में रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ निःशुल्क मिलेगा।

# चार धाम चिकित्सालय आलेख



श्री बद्रीनाथ धाम हॉस्पिटल



इमरजेंसी



फार्मेसी

**चार धाम चिकित्सालय के आंकड़े (10 मई से 30 जून तक)**

| चिकित्सालय व समय अवधि | देखे गए कुल रोगी | कुल इमरजेंसी | कुल एक्स - रे | कुल लैब टेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| श्री केदारनाथ धाम | 67219 | 10597 | 1369 | 2648 |
| श्री बद्रीनाथ धाम | 23713 | 985 | 238 | 2054 |
| गंगोत्री धाम | 8616 | 577 | 137 | 407 |
| **कुल** | **99,548** | **12,159** | **1,744** | **5,109** |

# अन्य नि:शुल्क सेवाएं

हमारे पूर्णत: नि:शुल्क धाम चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य नि:शुल्क सेवाएं भी सम्मिलित हैं जिनमें है कंबलों का वितरण, हीटर, और अलाव की व्यवस्था, ट्रैक सूट, रेनकोट व चप्पलों का वितरण तथा गर्म चाय और बिस्कुट की व्यवस्था। इसी क्रम में 348 कम्बल, 275 ट्रेक सूट, 57 रेनकोट, 363 जोड़ी चप्पलें, 95 लोअर , 14500 से अधिक चाय व 8565 से अधिक प्रोटीन एनर्जी बार का वितरण किया गया ।



रेनकोट के साथ तीर्थयात्री



कंबल के साथ तीर्थयात्री




तीर्थयात्री जैकेट पहने हुए



तीर्थयात्री ट्रैक सूट पहने हुए

# सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा आयोजित सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**कुल शिविर:133** **कुल लाभार्थी: 6398**



खरसाली, जानकी चट्टी, बड़कोट



करोल बाग दिल्ली



नागथात, धर्मावाला



माख्टी पोखरी, धर्मावाला



तेलीवाला, हरिद्वार



कविल्ठा, नारायणकोटी



सुरई टोटा, पीपलकोटी



नाल्ड, उत्तराकाशी

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

## माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम

**संपर्क किये गए गाँव : 176 (हमारे 80% लाभार्थी बोक्सा और जौनसारी जनजातियों से हैं)**

| कुल | प्रारंभ से | इस तिमाही में |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 8,265 | 2830 |
| वितरित पैकेट्स (एक पैकेट में 6 पैड्स) | 54933 (3,29,958) | 8420 |

हमारे इस कार्यक्रम से लगभग 3500 महिलाऐं नियमित रूप से सेनेटरी पैड का उपयोग कर रही हैं और मासिक धर्म सम्बन्धी स्वच्छता का पालन कर रही हैं।



मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम

## एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम



एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कुल लक्षित लाभार्थी | 9289 | |
| 2 | कुल हीमोग्लोबिन की जाँच | 7528 | 81% |
| 3 | कुल पाए गए एनीमिक | 3763 | 50% |
| 4 | कुल उपचार लेने वाले लाभार्थी | 3152 | 84% |
| 5 | कुल लाभार्थी जिनका उपचार पूर्ण हो गया | 2271 | 72% |
| 6 | कुल नॉन एनीमिक | 1741 | 77% |

## बाल गोकुलम



हरिद्वार



नारायणकोटी

### सोसाइटी के चिकित्सालयों में साप्ताहिक बाल गोकुलम (बच्चों का संस्कार कार्यक्रम)

सोसाइटी प्रत्येक रविवार को अपने सभी चिकित्सालयों में बाल गोकुलम का आयोजन करती आ रही है जिसमें आसपास के गांवों के बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को खेलों के माध्यम से विकर्सित किया जाता है। खेलों के साथ साथ श्रीमद्‌भगवद गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र कि शिक्षाप्रद कहानियों और योग अभ्यास सम्मिलित हैं।



पेटशाल



बड़कोट

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

### धर्मावाला

शिविर – 7, लाभार्थी– 2032
सर्जरी– 141

### हरिद्वार

शिविर– 10, लाभार्थी – 1281
सर्जरी – 4

**गठिया बाय रोग विशेषज्ञ**
डॉ निखिल सी

**स्पाइन सर्जन**
डॉ शेखर वाई भोजराज
डॉ प्रेमिक नागड़
डॉ तरुश रुस्तगी
डॉ शशिभूषण वरेकर
डॉ प्रणव
डॉ अपूर्व गोरियन

**बाल रोग विशेषज्ञ**
डॉ एम अग्रवाल
डॉ अनिता पुरी

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ आलोक कुमार
डॉ अत्रेयो चक्रबर्ती

**फिजिशियन**
डॉ के एन भट्ट

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
डॉ दीपेन्द्र तोमर
डॉ ए के जैन
डॉ सर्वेश पांडे
डॉ नवीन अग्रोही
डॉ प्रियांक अग्रवाल

**लैप्रोस्कोपिक सर्जन**
डॉ अभय कुमार

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ प्रियंका पुखराज

**यूरोलोजिस्ट**
डॉ मधुकर गुप्ता
डॉ आशुतोष कुमार
डॉ विशाल कुंवर सिंह
डॉ अतुल खंडेलवाल
डॉ पुरुषोत्तम कुमार पुरी
डॉ क्षितिज
डॉ विकास बंसल

**डायबिटोलॉजिस्ट**
डॉ नीलाम्बर भट्ट

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ मुकेश कुमार
डॉ तरुनेश शर्मा
डॉ शरद पाण्डे

**ई एन टी सर्जन**
डॉ सोमेश चंद्र श्रीवास्तव
डॉ एस पी सिंह

**एनेस्थेसियोलॉजिस्ट**
डॉ योगिता पाटिल
डॉ चन्द्र माथुर
डॉ सुधी

**डेंटिस्ट**
डॉ उषा बिष्ट

**काउंसलर साइकोलॉजिस्ट एवं साइकोथैरेपिस्ट**
डॉ श्याम लता जुयाल


धर्मावाला


हरिद्वार

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## दिल्ली

### शिविर – 24, लाभार्थी– 499



**डॉ अभिजीत साहा**
बाल रोग विशेषज्ञ
कलावती सरन चिल्ड्रन हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ मानसी देशमुख**
त्वचा रोग विशेषज्ञ
अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ विंध्या**
स्त्री रोग विशेषज्ञ,
शिवमती धर्मार्थ हॉस्पिटल, फरीदाबाद



**डॉ शरद पाण्डे**
न्यूरोसर्जन
आर एम एल, दिल्ली



**डॉ सौरभ शर्मा**
गुर्दा रोग विशेषज्ञ
सफदरगंज, दिल्ली



**डॉ राजेश कुमार मीणा**
एम.डी.मेडिसिन
आर एम एल, दिल्ली



**डॉ अश्वनी राय**
एम.डी.मेडिसिन
सफदरजंग, दिल्ली



**डॉ गुंजन मल्होत्रा**
स्त्री रोग विशेषज्ञ
आर्मी हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ निलेश आर जाधव**
न्यूरोलॉजिस्ट
मैक्स साकेत, दिल्ली



**डॉ सर्वेश पाण्डे**
ऑर्थोपेडिक सर्जन
अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ सुजाता गर्ग**
स्त्री रोग विशेषज्ञ
फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ सतीश शर्मा**
त्वचा रोग विशेषज्ञ
आर एम एल, दिल्ली

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## उत्तरकाशी

### शिविर – 4, लाभार्थी– 550


**डॉ आदित्य कोठा**
गुर्दा रोग विशेषज्ञ, कानपुर


**डॉ अक्षय दत्त**
नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, बुलंदशहर


**डॉ कृष्ण देव शाक्य**
जनरल फिजिशियन, दिल्ली


**डॉ नकुल उपाध्याय**
त्वचा रोग विशेषज्ञ, बुलंदशहर


**डॉ नितिन राठी**
पल्मोनोलॉजिस्ट, दिल्ली


**डॉ पवन कुमार सिंह**
त्वचा रोग विशेषज्ञ, रुड़की


**डॉ अमित श्रीवास्तव**
न्यूरोलॉजिस्ट, नोएडा


**डॉ आशुतोष**
जनरल फिजिशियन, दिल्ली


**डॉ दीपक जैन**
हृदय रोग विशेषज्ञ, नोएडा


**डॉ प्रवीण चौधरी**
दंत रोग विशेषज्ञ, नोएडा


**डॉ संजय गुप्ता**
बाल रोग विशेषज्ञ, गाजियाबाद


**डॉ सीता शर्मा**
स्त्री रोग विशेषज्ञ, बुलंदशहर

# समारोहों की झलकियाँ

## 09 अप्रैल : हिन्दू नव वर्ष


पेटशाल



धर्मावाला

## 20 जून : हिन्दू साम्राज्य दिवस


धर्मावाला


हरिद्वार

## 21 जून : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




धर्मावाला


हरिद्वार



पेटशाल

# आंकड़े


## कुल पंजीकरण




## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड




| चिकित्सालय | सर्जरी (527) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 304 | 150 |
| हरिद्वार | 33 | 6 |
| नारायणकोटी | 10 | 15 |
| पेटशाल | 5 | NA |
| उत्तरकाशी | 0 | 2 |
| बड़कोट | 0 | 2 |
| **कुल** | **352** | **175** |

सर्जरी में शामिल हैं सामान्य, स्त्री रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएं | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 1106 | NA | 1106 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 115 | 25 | 140 |
| एंडोस्कोपी | 118 | NA | 118 |
| ऑडियोमेट्री | 20 | NA | 20 |
| स्पाईरोमेट्री | 59 | 35 | 94 |
| ईको (ECHO) | 110 | NA | 110 |

उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई.सी.जी. | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 45385 | 701 | 4471 | 1503 | 1106 |
| उत्तरकाशी | 2193 | 22 | 447 | 51 | 241 |
| नारायणकोटी | 3257 | 512 | 781 | 121 | NA |
| बड़कोट | 998 | 112 | 580 | 56 | 255 |
| पीपलकोटी | 3409 | 192 | 391 | 153 | 35 |
| श्री बद्रीनाथ | 2054 | 985 | 238 | 74 | NA |
| पेटशाल | 2692 | 110 | 409 | 99 | 391 |
| श्री केदारनाथ | 2648 | 10597 | 1369 | 276 | NA |
| हरिद्वार | 9421 | 366 | 1288 | 621 | 2156 |
| गंगोत्री | 407 | 577 | 137 | 23 | NA |
| दिल्ली | 1953 | 423 | 263 | 37 | 534 |
| डुमेट | 64 | NA | NA | NA | 656 |
| **कुल** | **74481** | **14597** | **10374** | **3014** | **5374** |

| 1,59,345 | 527 | 14,597 | 10,374 | 3,793 | 74,481 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स–रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

### चार धाम साथी ऐप
**डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें**

**FOR DOMESTIC DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256IFSC
Code: SBIN0010626

**FOR INTERNATIONAL DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

### दान देने के लिए
**स्कैन करें**

**सभी दान 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com
https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk/
https://www.facebook.com/svhmu/
https://www-instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल (सचिव) 9410924299, On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001, Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001